संख्या-15/2021/201/24-1-2021-201(बजट)/2021

प्रेषक:

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक फरवरी, 2021**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2020-21 में सौभाग्य योजना के क्रियान्वयन हेतु दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत अतिरिक्त एच0टी0 इन्फ्रास्ट्रेक्चर के निर्माण हेतु यू0पी0पी0सी0एल0 को अंशपूँजी हेतु समायोजन द्वारा वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-120/अधि0नि0(वित्त)/निधि-।।/डीडीयूजीजेवाई/398/2015-16, दिनांक 22 जनवरी, 2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में सौभाग्य योजना के क्रियान्वयन हेतु दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत अतिरिक्त एच0टी0 इन्फ्रास्ट्रेक्चर के निर्माण हेतु यू0पी0पी0सी0एल0 को अंशपूँजी हेतु ऊर्जा विभाग के लिए अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक 4801-06-789-08-30- के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रूपये 45,00,00,000/- (रूपये पैंतालिस करोड़ मात्र) को समायोजन द्वारा स्वीकृत कर आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं।

2- उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत की गयी धनराशि का आहरण नकद न कर पुस्तक समायोजन द्वारा किया जायेगा।

3- उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

4- उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

5- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/ प्रयागराज और ऊर्जा विभाग, तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

7- इस संबंध में होने वाला व्यय धनराशि रूपये 45,00,00,000/- (रूपये पैंतालिस करोड़ मात्र) वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-21 के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक "4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय -06-ग्रामीण विद्युतीकरण -789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-08- सौभाग्य योजना के क्रियान्वयन हेतु दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत अतिरिक्त एच0टी0 इन्फ्रास्ट्रेक्चर के निर्माण हेतु यू0पी0पी0सी0एल0 को अंशपूँजी (के.60/रा.10/नि0.30-के.) -30- निवेश/ऋण" के नामे डाला जायेगा तथा अवमुक्त की गयी धनराशि को लेखाशीर्षक" 0801- बिजली-06- ग्रामीण विद्युतीकरण-800-अन्य प्राप्तियॉ-01- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम से प्राप्तियॉ के अन्तर्गत जमा की जायेगी।

8- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-10- 40 /दस-2021, दिनांक 09 फरवरी, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें है।

भवदीय,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव।

संख्या- 15 /2021/201(1)/24-1-21, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ गार्ड बुक।

आज्ञा से,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in